सीसीएल अस्पतालों में कई ऑक्सीजन संयंत्रों का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

7 अक्टूबर, 2021 को सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने केंद्रीय अस्पताल गांधीनगर, केंद्रीय अस्पताल रामगढ़ और सीएचसी टंडवा में स्थापित 3 पीएसए ऑक्सीजन प्लांट जनता को समर्पित किये।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ऐम्स ऋषिकेश से वर्चुअल माध्यम से देश भर के 35 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 35 पीएसए ऑक्सीजन प्लांट को राष्ट्र को समर्पित किया गया।
- सीसीएल ने बोकारो ज़िला प्रशासन के साथ कोविड अस्पताल, बोकारो में दो 200 एलपीएम पीएसए संयंत्रों के निर्माण के लिये एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किये हैं।
- इसके साथ ही सीएचसी ओरमांझी और सीएचसी सोनाहातु में 2 पीएसए ऑक्सीजन प्लांट निर्माणाधीन हैं।
- गांधीनगर अस्पताल में प्लांट का उद्घाटन राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने किया, वहीं मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने केंद्रीय अस्पताल, रामगढ़ में ऑक्सीजन प्लांट का उद्घाटन किया।
- कंपनी की सीएसआर नीति के तहत टंडवा, ओरमांझी और सोनाहातु में तीन संयंत्र स्थापित किये जा रहे हैं और इनकी क्षमता 200 एलपीएम है। केंद्रीय अस्पतालों- गांधीनगर और रामगढ़ के संयंत्रों की क्षमता 1,000 एलपीएम है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-several-oxygen-plants